छोटी जलपरी की कहानी Little Mermaid story in Hindi

एक बार की बात है, समुद्र का राजा, राजा आर्थर गहरे नीले समुद्र में अपनी माँ और छह बेटियों के साथ रहता था। राजा अपनी सभी बेटियों से प्यार करता था, लेकिन वह विशेष रूप से छोटी बेटी Ariel जो की एक जलपरी थी उससे कुछ ज्यादा ही प्यार करता था.

एक बार राजा की पांचवी बेटी मरीना का जन्मदिन था। सभी दरबारी और जनता राजकुमारी का जन्मदिन मनाने के लिए राजा के दरबार में एकत्रित हुए। राजा आर्थर ने अपनी बेटी को बधाई दी, “जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यारे बच्चे,” बेटी ने जवाब दिया, “बहुत बहुत धन्यवाद, पिताजी।” दरबार में उपस्थित सभी लोग बधाई देने लगे, ” जन्मदिन मुबारक हो राजकुमारी।”

किंग आर्थर ने घोषणा की, “मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरी पांचवीं बेटी Marina 18 साल की हो गई है, और मैं उसे धूप और ताजी हवा का आनंद लेने के लिए सतह पर भेज रहा हूं।” बस याद रखें कि समुद्र की दुनिया के कुछ नियम हैं जिनका हम

सबको पालन करना होता है। मानव संसार समुद्र की दुनिया की तरह नहीं है, मानव बहुत ही खतरनाक होते है इसलिए हमेशा सावधान रहें और इंसानों के पास न जाएं।
यह सुनकर उसकी सबसे छोटी बेटी Ariel ने उससे पूछा, “क्या मैं भी मरीना के साथ जा सकती हूँ?” “नहीं, मेरे बच्चे।” राजा ने कहा। “लेकिन मैं इंसानों को देखना चाहती हूं,” एरियल ने कहा; राजा आर्थर ने एरियल से कहा “जब आप 18 वर्ष की हो जाओगी तो आप भी जा सकती हो।” मैं वादा करता हूं कि मैं तुम्हें वहां जाने दूंगा। यह सुनकर नन्ही जलपरी एरियल बहुत परेशान हो गई। उसने कुछ समय अकेले बिताने का फैसला किया।

Ariel गुस्से में अपने दोस्त झींगा के साथ घर से काफी दूर निकल जाती है, वो ऐसे इलाके में पहुंच जाती है जहा काफी बड़ा तूफान आया होता है. वह तेज लहरे उठ रही होती है, बिजलिया लगातार आसमान से पानी में गिर रही होती है. तभी Ariel देखती है की कोई बहुत बड़ी चीज पानी में डूब रही है, और एक इंसान उसके आस पास लहरों में तैरने की कोशिश कर रहा है.

यह सब देखने के बाद, एरियल ने कहा, “हे भगवान, यह बहुत बढ़िया है; यह क्या है?” जिस पर झींगा ने जवाब दिया, “वह एक डूबता हुआ जहाज है और वह इंसान है?? जिसपर Ariel में जवाब दिया “अरे इंसान तो बिलकुल भी खतरनाक नहीं लग रहा है उल्टा वह बहुत अच्छा लग रहा है; वह मेरी गुड़िया की तरह लग रहा है। ”छोटी जलपरी Ariel चिल्लाती है, “अरे नहीं! हमें उस इंसान को बचाना चाहिए” छोटी जलपरी एरियल उस राजकुमार को बचाती है, और उसको लेकर समुद्र तट पर तैरती हुई आ जाती है।

राजकुमार अभी भी बेहोश था, Ariel ने राजकुमार के पेट को पंप करना शुरू कर दिया और अतिरिक्त पानी पेट से बाहर निकल दिया, फिर वो राजकुमार के आँखे खोने और होश में आने का इंतज़ार करने लगती है. Ariel देखती है की कुछ लड़कियों का समूह उस तरह आ रहा था, वो किसी इंसान की नज़र में आना नहीं चाहती थी इसलिए तो तुरंत पानी में वापस चली जाती है.

उनमे से एक लड़की राजकुमार को देखती है, और बोलती है, “राजकुमार अभी जिन्दा इन्हे तुरंत हॉस्पिटल ले चलो. उसी समय राजकुमार को होश आ जाता उसे वही लड़की दिखी। राजकुमार को लगता है की इसी लड़की ने उनकी जान बचाई है वो बोलते है, “मेरी जान बचाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।”

प्रिंस को इस बात का बिलकुल भी एहसास नहीं था कि उनका जीवन लिटिल मरमेड द्वारा बचाया गया था। लिटिल मरमेड जो की पानी से ये सब कुछ देख रही थी दुखी हो जाती है, क्योंकि वो राजकुमार को मन ही मन प्यार करने लगती है और वो ये भी जानती है की अब वो राजकुमार से कभी नहीं मिल पाएगी.

दुखी Ariel वापस अपने घर आ जाती है, वो अपनी दादी के पास जाती है और पूछती है, “क्या प्यार बहुत खतरनाक होता है?” दादी ने जवाब दिया, “नहीं, प्यार दुनिया की सबसे खूबसूरत चीज है” यह सुनकर Ariel उसको पूरी बात बता देती है और बोलती है की “मै उस राजकुमार के साथ उसकी दुनिया में रहना चाहती हूं।”

यह सुनकर दादी बोलीं, “नहीं, यह समुद्र के नियम के विरुद्ध है; आप मनुष्यों के साथ नहीं रह सकती।” Ariel जवाब देती है, “मुझे परवाह नहीं है; मैं बस अपने प्यार के साथ रहना चाहती हूं।”

इतना सब होने के बाद Ariel अपने दोस्त झींगा के पास जाती है और उससे मदद मांगती है. झींगा बोलता है की एक रास्ता तो है लेकिन ये बहुत जोखिम भरा है, और राजा आर्थर को पता चलने पर वो मुझे नहीं छोड़ेंगे। Ariel बोलती है तुम बताओ क्या करना है? मेरे पिता की चिंता मत करो मै उन्हें संभाल लूंगी।

ये सुनने के बाद झींगा बोलता है, पूरे समुद्र अगर कोई आपकी मदद कर सकता है तो सिर्फ काली पड़ही पर रहने वाली समुद्री चुड़ैल, लेकिन वो बहुत खतरनाक है वो कभी भी मुफ्त की मदद नहीं करती है. Ariel बोलती है कोई बात नहीं, मई अपने प्यार को पाने के लिए किसी भी तरह का जोखिम उठाने को तैयार हूँ. फिर झींगा बिना सोचे-समझे नन्हा जलपरी को डायन गुफा में लेकर चला गया।

चुड़ैल जादुई गेंद में Ariel और झींगा को अपनी गुफा की ओर आते देख रही थी। जादुई गेंद चुड़ैल को बताती है की नन्ही जलपरी बहुत अच्छी है और समुद्र में रहने वाले सभी जीवो की मदद करती है। जादू आइना यह भी बताता है की जब राजकुमारी मरने वाली होगी तो अपने अच्छे कामो की वजहा से वह एक परी में बदल जाएगी।

नन्ही जलपरी चुड़ैल के पास पहुंच जाती है, और उसको सारी बात बताती है, और उसकी मदद करने के लिए बोलती है.

चुड़ैल बोलती है, मै तुम्हारी मदद तो करना चाहती हूँ, लेकिन तुम राजकुमारी हो अगर तुम्हें पिताजी को पता चल गया तो मुझे बहुत भयानक सजा देंगे।

चुड़ैल बोलती है ठीक है मैं तुम्हारी मदद करूंगी और तुम्हें एक जलपरी से इंसान में बदल दूंगी, लेकिन इसके बदले में तुम्हें मुझे अपनी आवाज लेनी पड़ेगी और तुम फिर कभी नहीं बोल पाओगी। हां अगर तुम अपने प्यार को पा लेती हो और राजकुमार भी तुम्हें प्यार करने लगता है तो फिर तुम्हारी आवाज वापस आ जाएगी, और अगर तुम अपने प्यार को पाने में असफल हो जाती हो तो तुम इन समुद्र की लहरों के झाग में मिल जाओगी और खत्म हो जाओगी।

चुड़ैल राजकुमारी को एक जादुई घोल देती है और बोलती है इसको जब तुम सतह पर पहुंचना तब पी लेना इसको पीने के बाद तुम एक जलपरी से एक इंसानी लड़की में बदल जाओगी।

राजा आर्थर को जब यह बात पता लगती है कि उसकी बेटी चुड़ैल की गुफा में गई थी तो वह बहुत परेशान हो जाता है, वह उसका बेसब्री से इंतजार करता है कि कब वह घर आए और वो उससे बात करें।

जब Arial घर पहुंचती है, तो राजा उससे सारी बातें पूछता है. तब एरियल उसको बताती है कि उसको एक इंसानी राजकुमार से प्यार हो गया है, और वह उसके साथ रहना चाहती है. इसके लिए वह तो चुड़ैल के पास गई थी और चुड़ैल ने उसको एक जादुई घोल दिया है जिसको

पीकर वह इंसान बन जाएगी। यह बात सुनकर राजा बहुत दुखी और परेशान हो जाता है और अपनी बेटी को समझाने की कोशिश करता है लेकिन Ariel कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थी, और वह सिर्फ राजकुमार के साथी अपनी जिंदगी बिताना चाहती है.

फिर राजा पूछता है कि क्या उसको यकीन है की राजकुमार उसको पसंद करेगा? इस बात पर Arial जवाब देती है कि ये उसके हाँथ में नहीं है, लेकिन वो एक कोशिश जरूर करना चाहेगी।

Arial सब से विदा लेकर के समुद्र के किनारे आ जाती है, और वह जादुई घोल पी लेती है जिसकी वजह से उसकी शरीर में बहुत तेज दर्द होने लगता है और वह दर्द से बेहोश हो जाती है. जब उसकी आँख खुलती है तब वह देखती है की उसकी पूँछ गायब हो चुकी हैं और उसकी जगह पर पैर आ चुके हैं, और वही राजकुमार उसके पास बैठा हुआ था.

राजकुमार को भी Ariel अच्छी लगती है, और वह उससे बोलता है. ये खूबसूरत लड़की क्या तुम मेरे साथ डांस करना चाहोगी फिर वो वही समुद्र के किनारे डांस करते रहते हैं, ऐसे ही कई दिन निकल जाते है.

पहली वाली लड़की अब जलने लगती है, और उसको लगने लगता है की कही राजकुमार Ariel से शादी ना कर ले, इसलिए अब हो राजकुमार के कान Ariel के खिलाफ भरने लगती है. पहले तो राजकुमार को उसकी बात का भरोशा है हुआ, लेकिन जब वो बार बार उसके बार में कुछ न कुछ गलत बोलती थी तो अब राजकुमार को भी उसकी बात सच लगने लगी. वो भी सोचने लगा की Ariel कभी कुछ बोलती नहीं है, जरूर इसके मन में कुछ गलत है. और वो Ariel से शादी करने का विचार अपने दिल से निकाल देता है.

एक दिन राजकुमार, उस लड़की को अपने पिता से मिलवाता बोलता है की वो उस लड़की से शादी करना चाहता है. जब ये बात Ariel को पता चलती है तो वो फूट फूट कर रोने लगती है, उसका दिल पूरी तरह से टूट जाता है.

जैसे ही राजा आर्थर को इस बारे में पता चलता है वो अपनी बेटी के लिए परेशान हो जाता है और तुरंत अपनी बेटी को लेने के लिए सतह की तरफ निकल जाता है, और Ariel की सारी बहने तुरंत गंदी समुद्री चुड़ैल से मिलने चली जाती है.

राजा आर्थर Ariel को वापस चलने के लिए बहुत समझाते है, लेकिन वो नहीं मानती. उसकी बहने समुद्री चुड़ैल के पास पहुंच जाती है, और बोलती है की वो अपना जादू वापस लेले। लेकिन चुड़ैल उसके लिए तैयार नहीं होती है, बहनो के बहुत मिन्नत करने के बाद वो बोलती है की अगर Arial मेरी तलवार से राजकुमार को तलवार से मार दे तो वो मुक्त हो सकती है.

Ariel की बहने वो तलवार लेकर Ariel के पास पहुँचती है. राजा आर्थर और Ariel की बहने Ariel को बहुत समझाती है की वो इस तलवार से राजकुमार का कत्ल कर दे जिससे वो श्राप से मुक्त हो जायगी और उनके साथ समुद्र में वापस अपने राज्य में जा सकती है.

Ariel वो तलवार लेकर राजकुमार के कमरे में जाती है, राजकुमार उस समय सो रहा होता है, Ariel तलवार लेकर राजकुमार के पास पहुँचती है, जब वो राजकुमार को देखती है तब तो उसको सारी पुरानी बाते याद आने लगती है, और वो बिना राजकुमार को मारे वापस आ जाती है. Ariel के जाने की आवाज़ से राजकुमार की नींद खुल जाती है और वो Ariel का पीछा करने लगता है.

जब राजा आर्थर बिना खून लगी तलवार देखते है तो Ariel से पूछते है की क्या उसने राजकुमार का नहीं मारा? Ariel इशारे में बताती है की वो अपने प्यार को नहीं मार सकती है. और उसको मारने से अच्छा है की वो अपनी जान देदे.

राजकुमार छुपकर सबकी बाते सुन रहा था, और उसको समझ में आ जाता है की Ariel ने ही उसकी जान बचाई थी, और उसको पाने के लिए ही वो जलपरी से इंसान बन गयी और उसकी आवाज़ भी चली गयी.

उसको अपने किये पर बहुत पछतावा होता है, वो Ariel को बचाने आगे बढ़ता है, लेकिन तब तक Ariel पानी में छलांग लगा देती है. राजकुमार जोर से चिल्लाता है Ariel मई तुमसे प्यार करता हूँ वापस आजाओ. तभी पानी से परिया Ariel को लेकर निकलती है, Ariel भी अब उनकी तरह ही एक पारी में बदल गयी थी. परिया बोलती है की Ariel के अच्छे कामो की वजहा से वो एक पारी में बदल गयी है और अब वो पारीलोक में रहेगी.

राजा आर्थर और Ariel की बहने खुश हो जाती है, की Ariel अभी सुरक्षित है और अच्छी जगह जा रही है.

राजकुमार वापस चिल्लाता है Ariel मै तुमसे प्यार करता हूँ, Ariel बोलती है मेरे राजकुमार अभी तो मुझे जाना पड़ेगा लेकिन मै वापस इंसान का जन्म लूंगी और और फिर हम शादी करेंगे मेरा इंतजार करना.

राजकुमार Ariel का इंतज़ार करता है, और जब Ariel वापस मानव रूप में धरती पर आती है तो वो दोनों शादी कर लेते है.

दोस्तों, आपको ये “**छोटी जलपरी की कहानी**” कैसी लगी? आप अपने जवाव comments के द्वारा हमें अवश्य बतायें. “**छोटी जलपरी की कहानी**” पसंद आने पर Like और Share करें. ऐसी ही और stories पढ़ने के लिए storiespub को bookmark कर लें.